खण्ड–483, अंक–2
सोमवार 29 माघ, शक संवत् 1934
(18 फरवरी, 2013 ई0)

उत्तर प्रदेश विधान सभा

की

कार्यवाही

-: 0 :-

(अधिकृत विवरण)

(सोलहवीं विधान सभा, प्रथम सत्र, 2013)

(खण्ड 483 में 10 अंक हैं)

उत्तर प्रदेश विधान सभा सचिवालय (कार्यवाही अनुभाग) द्वारा प्रकाशित

मुद्रक :
निदेशक, राजकीय मुद्रण एवं लेखन सामग्री, लखनऊ, उत्तर प्रदेश (भारत)
2013

मूल्य : बिना महसूल रु0 16.75 पैसे, महसूल सहित रु0 21.00 पैसे ।
वार्षिक चन्दा : बिना महसूल रु0 586.25 रुपये, महसूल सहित रु0 724.25 रुपये ।

विषय-सूची

विषय	पृष्ठ-संख्या
उपस्थित सदस्य	1-6
वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री महेश नारायण सिंह के निधन पर शोकोद्गार ...	7-9

उत्तर प्रदेश विधान सभा

सोलहवीं विधान सभा

सोमवार, दिनांक 18 फरवरी, 2013

(विधान सभा की बैठक सभा मण्डप लखनऊ में दिन के 11 बजे अध्यक्ष श्री माता प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता में आरम्भ हुई)

उपस्थित सदस्य-240

1. अंसार अहमद, श्री — इलाहाबाद
2. अखिलेश प्रताप सिंह, श्री — देवरिया
3. अगयश राम सरन वर्मा, श्री — पीलीभीत
4. अजय कुमार, डा0 — इलाहाबाद
5. अजय कुमार 'लल्लू', श्री — कुशीनगर
6. अजीमुलहक पहलवान, श्री — अम्बेडकर नगर
7. अताउररहमान, श्री — बरेली
8. अनिल कुमार दोहरे, श्री — कन्नौज
9. अनिल वर्मा, श्री — उन्नाव
10. अनीसुर्ररहमान, श्री — मुरादाबाद
11. अब्दुल मशहूद खाँ, श्री — बलरामपुर
12. अभय नरायन सिंह पटेल, श्री — आजमगढ़
13. अभय सिंह, श्री — फैजाबाद
14. अमित गौरव यादव, श्री — एटा
15. अयोध्या प्रसाद पाल, श्री — फतेहपुर
16. अरविन्द सिंह यादव, श्री — कन्नौज
17. अरूण वर्मा, श्री — सुल्तानपुर
18. अरूण कुमारी कोरी, श्रीमती — कानपुर नगर
19. अलगू प्रसाद चौहान, श्री — सन्तकबीर नगर
20. अली यूसूफ अली, श्री — रामपुर
21. अवस्थी बाला प्रसाद, श्री — लखीमपुर खीरी
22. अविनाश कुशवाहा, श्री — सोनभद्र
23. अशफाक अली खां, श्री — ज्योतिबाफूले नगर
24. आदिल शेख, श्री — आजमगढ़
25. आरिफ अनवर हाशमी, श्री — बलरामपुर
26. आलमबदी, श्री — आजमगढ़
27. आलोक कुमार शाक्य, श्री — मैनपुरी
28. आशा किशोर, श्रीमती — छत्रपति शाहूजी महराज नगर
29. आशीष कुमार यादव, श्री — एटा
30. आशीष यादव, श्री — बदायूं
31. आशुतोष मौर्य उर्फ राजू, श्री — बदायूं
32. इकबाल, श्री — बिजनौर
33. इन्दल कुमार, श्री — लखनऊ
34. इन्द्रजीत कोरी, श्री — कानपुर नगर
35. इन्द्रजीत सरोज, श्री — कौशाम्बी
36. इन्द्रपाल सिंह, श्री — रमाबाईनगर
37. इन्द्राणी देवी, श्रीमती — श्रावस्ती
38. इरफान सोलंकी, हाजी — कानपुर नगर
39. उत्कर्ष वर्मा मधुर, श्री — लखीमपुर खीरी
40. उदय लाल मौर्या, श्री — वाराणसी
41. ओमकार सिंह, श्री — बदायूं
42. ओम प्रकाश 'बाबा' दुबे, श्री — जौनपुर
43. ओम प्रकाश वर्मा, श्री — फिरोजाबाद
44. कलराज मिश्र, श्री — लखनऊ
45. काली चरन सुमन, श्री — आगरा
46. कुलदीप सिंह सेंगर, श्री — उन्नाव
47. कृष्ण कुमार ओझा, श्री — बहराइच
48. कृष्णा पासवान, श्रीमती — फतेहपुर
49. केशव प्रसाद (कुशवाहा) मौर्य, श्री — कौशाम्बी

50. गजराज सिंह, श्री पंचशील नगर
51. गजेन्द्र सिंह, श्री बुलन्दशहर
52. गायत्री प्रसाद, श्री छत्रपति शाहूजी महराज नगर
53. गिरीश चन्द्र उर्फ गामा पाण्डेय, श्री इलाहाबाद
54. गुटियारी लाल दुवेश, श्री आगरा
55. गुलाब चन्द, श्री जौनपुर
56. गुलाम मौहम्मद, श्री मेरठ
57. गेंदा लाल चौधरी, श्री महामायानगर
58. चन्द्रा रावत, श्रीमती लखनऊ
59. चितरंजन स्वरूप, श्री मुजफ्फरनगर
60. छोटेलाल वर्मा, श्री आगरा
61. जगतम्बा सिंह, श्री मिर्जापुर
62. जगन प्रसाद गर्ग, श्री आगरा
63. जगपाल, श्री सहारनपुर
64. जगराम पासवान, श्री बलरामपुर
65. जन्मेजय सिंह, श्री देवरिया
66. जफर आलम, श्री अलीगढ़
67. जमालुद्दीन सिद्दीकी, श्री फर्रुखाबाद
68. जमीर उल्ला खां, श्री अलीगढ़
69. जमील अहमद कास्मी, श्री मुजफ्फरनगर
70. जय प्रकाश अंचल, श्री बलिया
71. जय प्रताप सिंह, श्री सिद्धार्थनगर
72. जियाउद्दीन रिजवी, श्री बलिया
73. तसलीम, श्री बिजनौर
74. तेज नारायण पाण्डेय उर्फ पवन पाण्डेय, श्री फैजाबाद
75. तेजपाल सिंह, श्री मथुरा
76. दयाशंकर वर्मा, श्री जालौन
77. दलजीत सिंह, श्री बांदा
78. दलवीर सिंह, श्री अलीगढ़
79. दिलनवाज खान, श्री बुलन्दशहर
80. दीपक कुमार, श्री उन्नाव
81. दीपनारायण सिंह (दीपक यादव), श्री झांसी
82. दुर्गा प्रसाद यादव, श्री आजमगढ़
83. देवनरायन उर्फ जी0एम0 सिंह, श्री महराजगंज
84. देवेन्द्र अग्रवाल, श्री महामायानगर
85. देवेन्द्र प्रताप सिंह, श्री रायबरेली
86. धर्मपाल सिंह, श्री बरेली
87. धर्मराज, श्री बाराबंकी
88. धर्मसिंह सैनी, डा0 सहारनपुर
89. नजीवा खान जीनत, श्रीमती कांशीराम नगर
90. नन्दिता शुक्ल, श्रीमती गोण्डा
91. नरेन्द्र सिंह वर्मा, श्री सीतापुर
92. नागेन्द्र सिंह ''मुन्ना यादव'', श्री प्रतापगढ़
93. नारद राय, श्री बलिया
94. नितिन अग्रवाल, श्री हरदोई
95. नीरज (कुशवाहा) मौर्य, श्री शाहजहांपुर
96. पंकज कुमार मलिक, श्री प्रबुद्धनगर
97. पारस नाथ यादव, श्री जौनपुर
98. पीटर फैन्थम, श्री नाम-निर्देशित
99. पीतमराम, श्री पीलीभीत
100. पूनम सोनकर, श्रीमती चन्दौली
101. पूरन प्रकाश, श्री मथुरा
102. पूर्णमासी देहाती, श्री कुशीनगर
103. प्रदीप कुमार यादव, श्री औरैया
104. प्रदीप माथुर, श्री मथुरा
105. प्रमोद कुमार गुप्ता, श्री औरैया
106. प्रमोद तिवारी, श्री प्रतापगढ़
107. प्रेम प्रकाश सिंह, श्री देवरिया
108. फतेह बहादुर, श्री गोरखपुर
109. फसीहा बशीर (गजाला लारी), चौधरी देवरिया
110. बंशी सिंह पहाड़िया, श्री बुलन्दशहर

111. बब्बन, श्री चन्दौली
112. बाबू खां, श्री हरदोई
113. बाबूलाल, श्री गोण्डा
114. बावन सिंह, श्री गोण्डा
115. बिमला सिंह सोलंकी, श्रीमती बुलन्दशहर
116. बृज लाल सोनकर, श्री आजमगढ़
117. बृजेश कठेरिया, इंजी0 मैनपुरी
118. बेचई सरोज, श्री आजमगढ़
119. बैजनाथ, श्री मऊ
120. ब्रह्माशंकर त्रिपाठी, श्री कुशीनगर
121. भगवती प्रसाद, श्री अलीगढ़
122. भगवान सिंह कुशवाहा, श्री आगरा
123. भाई लाल कोल, श्री मिर्जापुर
124. भीम प्रसाद सोनकर, श्री अम्बेडकरनगर
125. मदन गोपाल वर्मा, श्री फतेहपुर
126. मदन चौहान, श्री गाजियाबाद
127. मदन सिंह उर्फ सन्तोष, श्री औरैया
128. मनीष असीजा, श्री फिरोजाबाद
129. मनीष रावत, श्री सीतापुर
130. ममतेश शाक्य, श्री काशीराम नगर
131. महबूब अली, श्री जे0पी0नगर
132. महावीर सिंह, कुं0 हरदोई
133. महावीर सिंह राणा, श्री सहारनपुर
134. महेन्द्र कुमार सिंह उर्फ झीन बाबू, श्री सीतापुर
135. माइकल चन्द्रा, श्री जे0पी0नगर
136. माता प्रसाद पाण्डेय, श्री सिद्धार्थनगर
137. माधुरी वर्मा, श्रीमती बहराइच
138. मित्रसेन यादव, श्री फैजाबाद
139. मुकुट बिहारी वर्मा, श्री बहराइच
140. मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेन्द्र प्रताप, श्री बहराइच
141. मुख्तार अंसारी, श्री मऊ
142. मुनीन्द्र शुक्ला, श्री कानुपर नगर
143. मुसर्रत अली बिट्टन, श्री बदायूं
144. मुहम्मद गाजी, श्री बिजनौर
145. मुहम्मद रमजान, श्री श्रावास्ती
146. मूलचन्द्र चौहान, ठा0 बिजनौर
147. मो0 आसिफ, श्री फतेहपुर
148. मो0 मुस्लिम, श्री छत्रपति शाहूजी महाराज नगर
149. मो0 रेहान, श्री लखनऊ
150. मोहम्मद आजम खां, श्री रामपुर
151. मोहम्मद रिजवान, श्री मुरादाबाद
152. मौ0 इरफान, श्री मुरादाबाद
153. योगेन्द्र उपाध्याय, श्री आगरा
154. योगेन्द्रपाल सिंह, श्री रमाबाईनगर
155. रघुनन्दन सिंह भदौरिया, श्री कानपुर नगर
156. रघुराज सिंह शाक्य, श्री इटावा
157. रणजीत सुमन, श्री एटा
158. रमेश चन्द, श्री मिर्जापुर
159. रविदास मेहरोत्रा, श्री लखनऊ
160. रविन्द्र कुमार मोल्हू, श्री सहारनपुर
161. रविन्द्र भडाना, श्री मेरठ
162. राकेश प्रताप सिंह, श्री छत्रपति शाहूजी महाराज नगर
163. राघव लखनपाल, श्री सहारनपुर
164. राजकिशोर सिंह, श्री बस्ती
165. राजकुमार रावत, श्री मथुरा
166. राजनारायण बुधौलिया उर्फ रज्जू महाराज, श्री महोबा
167. राजमती, श्रीमती गोरखपुर
168. राजेश अग्रवाल, श्री बरेली
169. राजेश यादव, श्री शाहजहांपुर

170. राधा मोहन दास अग्रवाल, डा0 गोरखपुर
171. राधेलाल रावत, श्री उन्नाव
172. राधे श्याम, श्री छत्रपति शाहूजी महाराज नगर
173. रामखिलाड़ी सिंह यादव, श्री भीमनगर
174. रामगोपाल, श्री बाराबंकी
175. राम गोविन्द, श्री बलिया
176. रामचन्द्र यादव, श्री फैजाबाद
177. रामपाल यादव, श्री सीतापुर
178. रामपाल राजवंशी, श्री सीतापुर
179. राम मगन, श्री बाराबंकी
180. राममूर्ति वर्मा, श्री अम्बेडकर नगर
181. रामलाल अकेला, श्री रायबरेली
182. रामवीर सिंह, श्री फिरोजाबाद
183. रामशरन, श्री लखीमपुर खीरी
184. राम सिंह, श्री प्रतापगढ़
185. रामहेत भारती, श्री सीतापुर
186. रामेश्वर सिंह यादव, श्री एटा
187. रीता बहुगुणा जोशी, प्रो0 लखनऊ
188. रोशन लाल वर्मा, श्री शाहजहांपुर
189. लक्ष्मीकान्त उर्फ पप्पू निषाद, श्री सन्तकबीर नगर
190. लक्ष्मी गौतम, श्रीमती भीमनगर
191. ललितेश पति त्रिपाठी, श्री मिर्जापुर
192. लोकेन्द्र सिंह, श्री बिजनौर
193. लोकेश दीक्षित, श्री बागपत
194. विजमा यादव, श्रीमती इलाहाबाद
195. विजय कुमार दूबे, श्री कुशीनगर
196. विजय सिंह पुत्र प्रेम सिंह, श्री फर्रुखाबाद
197. विनय तिवारी, श्री लखीमपुर खीरी
198. विनोद सरोज, श्री प्रतापगढ़
199. विवेक कुमार सिंह, श्री बांदा
200. विशम्भर सिंह, श्री बांदा
201. वीरपाल राठी, श्री बागपत
202. वीर सिंह, श्री चित्रकूट
203. वेदराम भाटी, श्री गौतमबुद्ध नगर
204. शकुन्तला देवी, सुश्री शाहजहांपुर
205. शमशेर बहादुर उर्फ शेरू भैय्या, श्री लखीमपुर खीरी
206. शहजिल इस्लाम, श्री बरेली
207. शाकिर अली, श्री देवरिया
208. शारदा प्रताप शुक्ला, श्री लखनऊ
209. शिव पाल सिंह यादव, श्री इटावा
210. शिवाकान्त ओझा, प्रो0 प्रतापगढ़
211. शिवेन्द्र सिंह उर्फ शिव बाबू, श्री महाराजगंज
212. शेर बहादुर, श्री अम्बेडकरनगर
213. शैलेन्द्र यादव 'ललई', श्री जौनपुर
214. श्यामदेव राय चौधरी (दादा), श्री वाराणसी
215. श्याम प्रकाश, श्री हरदोई
216. श्याम बहादुर सिंह यादव, श्री आजमगढ़
217. श्रद्धा यादव, श्रीमती जौनपुर
218. संजय कपूर, श्री रामपुर
219. संजय प्रताप जयसवाल, श्री बस्ती
220. सतवीर सिंह गुर्जर, श्री गौतमबुद्ध नगर
221. सतीश कुमार निगम 'एडवोकेट', श्री कानपुर नगर
222. सत्यदेव पचौरी, श्री कानपुर नगर
223. सत्य प्रकाश अग्रवाल (कैलाश डेरी वाले), श्री मेरठ
224. सन्त प्रसाद, श्री गोरखपुर
225. सिबगतुल्ला अंसारी, श्री गाजीपुर
226. सियाराम सागर, डा0 बरेली
227. सुखदेव प्रसाद वर्मा, श्री फतेहपुर

228. सुखदेवी वर्मा, श्रीमती	इटावा	236. सैय्यदा शादाब फातिमा, श्रीमती	गाजीपुर
229. सुदेश शर्मा, श्री	गाजियाबाद	237. सोबरन सिंह यादव, श्री	मैनपुरी
230. सुधाकर, श्री	मऊ	238. स्वामी प्रसाद मौर्य, श्री	कुशीनगर
231. सुनील कुमार सिंह यादव, श्री	सोनभद्र	239. हुकुम सिंह, श्री	प्रबुद्धनगर
232. सुनील कुमार लाला, श्री	लखीमपुर खीरी	240. हेमराज वर्मा, श्री	पीलीभीत
233. सुरेन्द्र विक्रम सिंह, श्री	रायबरेली		
234. सुरेश राणा, श्री	प्रबुद्धनगर		
235. सुरेश कुमार खन्ना, श्री	शाहजहांपुर		

नोट :-मुख्य मंत्री (श्री अखिलेश यादव), राजस्व, अभाव सहायता एवं पुनर्वास तथा लोक सेवा प्रबन्धन मंत्री (श्री अम्बिका चौधरी), कारागार मंत्री (श्री राजेन्द्र चौधरी) एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (श्री राम सकल गूजर) भी सदन में उपस्थित थे।

वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री महेश नारायण सिंह के निधन पर शोकोद्गार

श्री अध्यक्ष-

माननीय सदस्यगण, कृपया स्थान ग्रहण करें, मा0 मुख्य मंत्री जी।

मुख्य मंत्री (श्री अखिलेश यादव)-

आदरणीय अध्यक्ष जी, मा0 नेता विरोधी दल श्री स्वामी प्रसाद मौर्य जी, मा0 नेता भारतीय जनता पार्टी श्री हुकुम सिंह जी, नेता कांग्रेस पार्टी श्री प्रदीप माथुर जी, श्री प्रमोद तिवारी जी एवं अन्य माननीय सदस्यगण, इस सम्मानित सदन में मुझे बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि उत्तर प्रदेश सोलहवीं विधान सभा के सदस्य एवं समाजवादी पार्टी के नेता श्री महेश नारायण सिंह का दिनांक 11 फरवरी, 2013 को निधन हो गया। श्री महेश नारायण सिंह बीमार थे और वेदान्ता अस्पताल, गुड़गांव में उनका इलाज चल रहा था। काफी दिन इलाज चला और इलाज के दौरान ही उनका निधन हो गया। उनके इस असामयिक निधन से हम सभी को गहरा दुख पहुंचा है। श्री महेश नारायण सिंह दो बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। वह सर्वप्रथम वर्ष 2002 में तत्पश्चात् वर्ष 2012 में समाजवादी पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री महेश नारायण सिंह पक्के समाजवादी नेता रहे और लगातार अपने व्यवहार, भाषा एवं अपनी मेहनत से उन्होंने क्षेत्र में अपनी लोकप्रियता बना ली और लगातार गरीबों, किसानों के हितों के लिये संघर्ष करते हुए वह उस क्षेत्र के नेता बन गये, आसपास के क्षेत्र में उन्होंने अपनी मेहनत से प्रभाव डाला। जब कभी किसी गरीब या किसान को जरूरत पड़ती थी तो वह उनके साथ खड़े दिखाई देते थे। उस क्षेत्र के गरीबों, किसानों और आसपास के लोगों को उनके निधन से गम्भीर दुख पहुंचा है। श्री महेश नारायण सिंह के निधन से पार्टी को अपूर्णनीय क्षति हुई है, हमने एक कुशल राजनैतिक, एक कर्मठ नेता और गरीबों की लड़ाई लड़ने वाला नेता खोया है, हम लोगों को हमेशा उनकी कमी खलेगी। मैं उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं और ईश्वर से उनकी आत्मा की शान्ति के लिये प्रार्थना करते हुए उनके दुःखी परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं।

नेता विरोधी दल (श्री स्वामी प्रसाद मौर्य)-

माननीय अध्यक्ष जी, माननीय नेता सदन, भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, लोकदल, पीस पार्टी, अपना दल एवं सभी दलों के दलीय नेतागण, आज हमारे इस सदन के एक सदस्य मा0 श्री महेश नारायण सिंह जी हमारे बीच में नहीं हैं। उनकी श्रद्धांजलि के प्रति नेता सदन ने जो भी संवेदनायें व्यक्त की हैं मैं उनसे अपने को सम्बद्ध करता हूं। साथ ही साथ श्री महेश नारायण सिंह जी विधायक चुने जाने के ठीक बाद अस्वस्थ हो गये थे, लगातार लम्बी बीमारी से संघर्ष करते रहे और 11 फरवरी को वह देहत्याग कर गये। स्वाभाविक रूप से यह हमारा सदन एक परिवार है और परिवार के किसी भी सदस्य के आकस्मिक निधन पर दुःख होना स्वाभाविक है। इस घड़ी में हम सभी दुःखी हैं और सभी श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। मैं अपनी ओर से और साथ ही साथ सम्पूर्ण विपक्ष की ओर से शोक संवेदना व्यक्त करता हूं और आपसे अनुरोध करता हूं कि हम लोगों की शोक-संवेदना उनके परिवारीजन तक पहुंचाने का कष्ट करें और ईश्वर उनके परिवारीजनों को शक्ति प्रदान करे जिससे कि इस दुःखद घड़ी में इस गहन दुःख को बर्दाश्त कर सकें। धन्यवाद।

श्री हुकुम सिंह-

माननीय अध्यक्ष जी, इस सदन के सदस्य, महेश नारायण सिंह जी आज हमारे बीच में नहीं हैं। पांच वर्ष के लिये वहां की जनता ने उनको चुना था। जीवित रहते तो उनकी सेवा करते, यही उम्मीद उनसे की जा रही थी। क्षेत्र की जनता ने एक बहुत अच्छे नेता को खोया और हमारे एक बहुत अच्छे साथी को खोया। वह एक सफल व्यवसायी थे, सफल राजनेता थे। आज वह हमारे बीच में नहीं हैं, बहुत ही दुःख की घड़ी यह हम सबके लिये है। माननीय नेता सदन, मा0 नेता प्रतिपक्ष ने जो श्रद्धा के भाव व्यक्त किये हैं उनके प्रति, मैं भी अपने आपको उन भावों से जोड़ता हूं और आपसे प्रार्थना करता हूं कि हमारी श्रद्धांजलि उनके शोक संतप्त परिवार को भेजने का कष्ट करें। ईश्वर से मेरी प्रार्थना यही है कि ईश्वर अपने श्रीचरणों में उनको स्थान दें और उस परिवार को साहस और हिम्मत बंधाये।

श्री प्रदीप माथुर-

माननीय अध्यक्ष जी, आज महेश नारायण सिंह हमारे बीच में नहीं हैं और एक छोटी सी आयु में, एक छोटे से राजनैतिक जीवन में, उन्होंने बहुत जल्दी अपना शरीर त्याग दिया। दूसरे टर्म वह विधायक चुन करके आये थे, बहुत मृदुभाषी थे, व्यवहार कुशल थे और अपने क्षेत्र में जनता की सेवा के लिये हमेशा तत्पर रहते थे। इस बार चुने जाने के बाद वह बराबर बीमार रहे और आज हम लोगों के बीच में नहीं हैं। मैं नेता सदन, नेता प्रतिपक्ष और नेता भारतीय जनता पार्टी द्वारा व्यक्त की गई संवेदनाओं से अपने आपको सम्बद्ध करता हूं। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि हमारे दल की तरफ से हम लोगों की शोक संवेदनायें उनके परिवार तक पहुंचायें। ईश्वर उनकी आत्मा को शान्ति दें। धन्यवाद।

श्री दलवीर सिंह-

माननीय अध्यक्ष जी, आज पूरा सदन महेश नारायण सिंह जी की आकस्मिक मृत्यु से शोक-संतप्त है। मैं और मेरा दल अपने आपको मा0 नेता सदन, मा0 नेता प्रतिपक्ष, मा0 नेता भा0ज0पा0 और मा0 नेता कांग्रेस के साथ सम्बद्ध करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि शोक संतप्त परिवार को ईश्वर शान्ति दें। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपसे निवेदन करता हूं कि हमारी शोक संवेदनायें उनके परिवार तक पहुंचाने का कष्ट करें।

श्री अध्यक्ष-

उत्तर प्रदेश सोलहवीं विधान सभा के सदस्य श्री महेश नारायण सिंह का 11 फरवरी, 2013 को निधन हो गया। वे लगभग 56 वर्ष के थे। श्री महेश नारायण सिंह का जन्म 1 नवम्बर, 1957 को ग्राम जुनेदपुर, जिला इलाहाबाद में हुआ था। उन्होंने स्नातक तक शिक्षा ग्रहण की थी। श्री महेश नारायण सिंह वर्ष 2002 तथा 2012 में निर्वाचन क्षेत्र हण्डिया, जिला इलाहाबाद से समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री महेश नारायण सिंह समाजवादी पार्टी के एक योग्य एवं कर्मठ नेता थे वे अपने क्षेत्र के विकास के लिये सदैव प्रयत्नशील रहते थे। वे विधान सभा की प्राक्कलन समिति के सदस्य भी थे। समाज सेवा एवं खेलकूद में उनकी विशेष रुचि थी। श्री महेश नारायण सिंह के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया। माननीय श्री महेश नारायण सिंह के निधन से आज पूरा सदन शोकाकुल है मैं अपनी ओर से तथा पूरे सदन

की ओर से ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करें और उनके शोक संतप्त परिवार को इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मैं इस सदन में व्यक्त शोक संवेदना मृतक के शोकाकुल परिवार तक पहुंचा दूंगा अब हम दिवंगत आत्मा की शांन्ति के लिये दो मिनट का मौन रखेंगे।

(सभी सदस्य दो मिनट के लिये अपने-अपने स्थान पर मौन खड़े हुए।)

श्री अध्यक्ष-

कृपया बैठ जायं।

अब हम उठते हैं। कल पूर्वाह्न 11.00 बजे पुनः मिलेंगे।

(इसके बाद सदन का उपवेशन 11 बजकर 10 मिनट पर अगले दिन के 11 बजे तक के लिये स्थगित हो गया।)

लखनऊ :

दिनांक 18 फरवरी, 2013

प्रदीप कुमार दुबे,

प्रमुख सचिव, विधान सभा,

उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0-एल0 12(अ) विधान सभा (25)-11-4-2013-813 प्रतियां (कम्प्यूटर/आफसेट)।